वर्ष - 01 | अंक - 99 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार , 25 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890




# नवरात्र विशेषः तालाब के बीच विराजित चावंडिया की चामुंडा माता

## 12वीं शताब्दी की आस्था और तालाब में बसे प्राकृतिक खजाने का संगम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के निकटवर्ती बनकाखेड़ा ग्राम पंचायत का प्रसिद्ध चावंडिया गांव नेशनल हाईवे 758 से लगभग 1 किलोमीटर अंदर बसा हुआ है। इस गांव का मुख्य आकर्षण तालाब के बीच स्थित विशाल चामुंडा माता मंदिर है, जो लगभग 12वीं शताब्दी में मेवाड़ के महाराणा के सानिध्य में स्थापित किया गया था।

ग्रामीणों के अनुसार, मंदिर में माता की प्रतिमा पहले तालाब के अंदर स्थापित थी, जिसे औरंगजेब के काल में मुगलों ने आक्रमण के दौरान खंडित कर दिया। इसी दौरान पास के जैन मंदिर को भी ध्वस्त किया गया, जिसके अवशेष आज भी मौजूद हैं। सन 1996 में मंदिर का जीर्णोद्धार शुरू हुआ और 2008 में यह पूरी तरह से संपन्न हुआ। पहले गांव को गुर्जर खेड़ा कहा जाता था, लेकिन बाद में यह उजड़ गया और चावंडिया का नाम चामुंडा माता के नाम पर पड़ा।

मंदिर की पूजा अर्चना पिछले 6 पीढ़ियों से पुजारी भवानी राम एवं देवी लाल प्रजापत के परिवार द्वारा संपन्न की जा रही है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, तालाब के पानी से सिंचाई करना, गंदगी डालना या शिकार करना पूरी तरह से वर्जित है।

### प्रवासी पक्षियों और प्राकृतिक सौंदर्य का संगम

तालाब में भरे पानी और चारों ओर घनी हरियाली के कारण यह स्थान पर्यटकों और पक्षी प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र है। सर्दियों में विदेशी और देशी प्रवासी पक्षियों की चहल-पहल और कलरव देखने लायक होती है। बारिश के बाद तालाब में पानी की आवक और हरियाली का दृश्य बेहद मनोरम लगता है।

### तालाब का जल कई बीमारियों के इलाज में लाभकारी -

कोरोना काल से पहले यहाँ पक्षी मेले का आयोजन भी होता था। इस मेले में जिले के आला अधिकारी, अन्य जिलों और पड़ोसी राज्यों के पक्षी विशेषज्ञ और प्रेमी शामिल होते थे। कहा जाता है कि तालाब का जल कई बीमारियों के इलाज में लाभकारी है और चामुंडा माता के दर्शन मात्र से मनोकामना पूर्ण होती है।

चावंडिया गांव अपने ऐतिहासिक महत्व, धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य के कारण न केवल स्थानीय बल्कि दूर-दराज के लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

**सांवर वैष्णव , सवाईपुर**
**जसवंत पारिक, आकोला**

# 50 हजार की रिश्वत लेते शिक्षा विभाग के दो अभियंता गिरफ्तार

## विद्यालय भवन निर्माण कार्यों के बिल पास कराने में चल रहा था रिश्वतखोरी का खेल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

(पेसवानी)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बुधवार को समग्र शिक्षा कार्यालय से जुड़े दो अभियंताओं को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में सहायक अभियंता एईएन राजकुमार मून्दडा और कनिष्ठ अभियंता संविदाकर्मी भारत भूषण गोयल शामिल हैं। एसीबी की एडीजी स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि ब्यूरो को शिकायत मिली थी कि स्कूल भवन निर्माण कार्यों के 19 लाख रुपये के बिल पास कराने के लिए अभियंता रिश्वत मांग रहे हैं। सत्यापन के दौरान कनिष्ठ अभियंता गोयल ने परिवादी से 3 प्रतिशत कमीशन की मांग की, जिसमें 2 प्रतिशत मून्दडा और 1 प्रतिशत खुद रखने की बात कही।24 सितम्बर की सुबह जैसे ही परिवादी ने 50 हजार रुपये गोयल को दिए, एसीबी टीम हरकत में आ गई। रकम जेब में रखते



ही गोयल ने मून्दडा को फोन किया, तभी टीम ने दोनों को दबोच लिया। गोयल की पैंट की जेब से 30 हजार असली व 20 हजार डमी नोट मिले। यह कार्रवाई अजमेर रेंज के डीआईजी अनिल कयाल के सुपरविजन में और एसीबी भीलवाड़ा-प्रथम के डिप्टी पारसमल के नेतृत्व में हुई। एसीबी ने दोनों अभियंता को हिरासत में लिया हैं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू की है। शहर में चर्चा है कि शिक्षा जैसे पवित्र विभाग में भ्रष्टाचार असहनीय है। आमजन ने एसीबी की कार्रवाई का स्वागत किया, वहीं विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।

# खुले मैदान में स्टंट के दौरान गाड़ी पलटी, युवक बाल-बाल बचे

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के बेंचमार्क इलाके में तेज़ रफ्तार एसयूवी से खतरनाक स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया। वीडियो में खुला मैदान दिखाई दे रहा है, जहां कुछ युवक गाड़ी को घुमाते और स्टंट करते नजर आते हैं। इसी दौरान गाड़ी अचानक असंतुलित होकर पलट गई। हादसे के वक्त गाड़ी में तीन से चार युवक सवार थे, लेकिन गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। घटना के दौरान मौके से गुजर रहे एक व्यक्ति ने वीडियो रिकॉर्ड कर लिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। कुन्हाड़ी थाना सीआई अरविंद भारद्वाज ने बताया कि यह घटना हाल ही में हुई। बेंचमार्क इलाके में बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले कोचिंग स्टूडेंट रहते हैं। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए स्टंट करने वाले वाहन को जब्त कर लिया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि गाड़ी एक युवक के दोस्त की थी। फिलहाल पुलिस ने स्टंट करने वाले युवकों की पहचान शुरू कर दी है। पुलिस ने इस



तरह की खतरनाक गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी जारी कि है ।

# जंगल में मिला मासूम तेजस्व , लड़ रहा जिंदगी और मौत की जंग


## गर्म पत्थरों से झुलसा मिला था नवजात, जिले में आक्रोश और सोशल मीडिया पर दुआओं की लहर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

बिजोलिया के सीता कुंड महादेव के जंगल में मंगलवार को मिला मासूम नवजात बच्चा अब जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। बाल कल्याण समिति ने बच्चे का नाम तेजस्व' रखा है । जिसका अर्थ है जीवन की रोशनी से जगमगाता हुआ । 15-20 दिन का बच्चा एमजीएच अस्पताल के एनआईसीयू में भर्ती है, जहाँ डॉक्टर और नर्सें हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि उसका जीवन बचाया जा सके।

डॉक्टरों ने बताया कि तेजस्व के पैरों में जलन और संक्रमण फैल चुका है। गर्म पत्थरों पर पड़े रहने के कारण शरीर के कई हिस्से झुलस गए हैं। आने वाले 72 घंटे उसकी जिंदगी के लिए निर्णायक हैं।

एमजीएच अस्पताल का स्टाफ बच्चे को अपने बच्चे की तरह संभाल रहा



है। नली के जरिए दूध पिलाया जा रहा है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. इंद्रा सिंह ने बताया कि तेजस्व की लड़ाई और हिम्मत पूरे जिले के लिए उम्मीद की मिसाल है जनता में मासूम के साथ हुई निर्दयता पर भारी आक्रोश है। सोशल मीडिया पर तेजस्व की सलामती की दुआ की जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग जोर पकड़ रही ।

# अवैध गारनेट खनन पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई , डम्पर व स्कॉर्पियो जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार





**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**

अवैध खनन और खनिज परिवहन पर सख्ती दिखाते हुए पारोली थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अवैध गारनेट से भरे एक डम्पर और निगरानी में चल रही स्कॉर्पियो को जब्त किया, वहीं मौके से डम्पर चालक प्रहलाद सुथार (24) निवासी गाडरी खेड़ा, थाना कोटड़ी को गिरफ्तार किया गया।

पारोली थानाधिकारी प्रभाती लाल में बताया कि दांतड़ा चौराहा क्षेत्र में नाकाबंदी की गई थी। इसी दौरान बिना नंबर का टाटा कंपनी का डम्पर आता दिखा, जिसे रोककर जांच की गई तो उसमें अवैध गारनेट भरा हुआ पाया गया। पुलिस ने बताया कि डम्पर के आगे एस्कॉर्ट कर चल रही एक स्कॉर्पियो को भी जब्त किया गया। हालांकि स्कॉर्पियो चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है ।

# खजुरिया श्याम मंदिर चोरी का खुलासा: 6 आरोपी गिरफ्तार, 2 किलो चांदी बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**गंगापुर ।** थाना पुलिस ने खजुरिया श्याम मंदिर में हुई चोरी का पर्दाफाश कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले सुनार को भी हिरासत में लिया है और उससे करीब 2 किलो चांदी बरामद की।

थानाधिकारी लीलाधर मालवीय ने बताया की बीते 11 सितंबर को मंदिर से चांदी के नौ-दस छत्र चोरी हो गए थे, जिसका मंदिर समिति अध्यक्ष लादूलाल जाट ने मामला दर्ज कराया था । जिसके बाद पुलिस ने तकनीकी व पारंपरिक जांच से आरोपियों की




तलाश शुरू की।

अनुसंधान में भीलवाड़ा जिले के दुर्गेश, कालूलाल, प्रकाश, सुरेश और राधेश्याम की संलिप्तता सामने आई। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात स्वीकार की। इसके बाद चोरी का सामान खरीदने वाले चित्तौड़गढ़ जिला निवासी ताराचंद सोनी (68) को गिरफ्तार कर उसके पास से 2 किलो चांदी बरामद की गई।वही एक अन्य आरोपी पप्पु कंजर की तलाश जारी है पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी मंदिर चोरी के अलावा पहले भी कई वारदातों में शामिल रहे हैं। इनमें भरका देवी माता मंदिर का दान पात्र तोड़कर नकदी चोरी, मंदिर के दरवाजे से चांदी की परत उखाड़ना और मेघरास चौराहा क्षेत्र की किराने की दुकान से नकदी व सामान चोरी करना शामिल है।पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# सीओ सदर की टीम ने 5 साल से फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

सीओ सदर पुलिस के नेतृत्व में आईपीएस माधव उपाध्याय की टीम ने पांच साल से फरार चल रहे आरोपी चांदु नाथ कालेबलिया को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। आरोपी पर 5 हजार रुपये का इनाम था और वह वर्ष 2014 से फरार था।

उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को पकड़ने के लिए टीम ने लंबे समय तक लगातार जांच और दबिश दी। इस कार्यवाही में कानि.



अशोक कुमार, सीओ सदर थाना के बिजेंद्र और आरपीएल का विशेष योगदान रहा। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगामी जाँच शुरू कर दी है।

# पशु मेले से लौटते युवक की मारपीट में मौत, पांच गिरफ्तार

## मॉब लिंचिंग का आरोप , एसआईटी जांच में जुटी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**(मूलचन्द पेसवानी)।** भीलवाड़ा जिले के बनेड़ा थाना क्षेत्र में पशु मेले से बैल खरीदकर लौट रहे 32 वर्षीय शेरू सुसाडिया के साथ हुई मारपीट और इलाज के दौरान जयपुर में मौत ने पूरे जिले में हलचल मचा दी है। पुलिस ने मामले में पहले हत्या के प्रयास और बाद में हत्या का मामला दर्ज कर पाँच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसे मॉब लिंचिंग करार देते हुए त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। पुलिस शेष आरोपियों की तलाश कर रही है।

एफआईआर के अनुसार, शेरू सुसाडिया और उनके साथी मोहसिन डोल मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के सुल्तानपुर से पिकअप वाहन में पशु खरीदकर घर लौट रहे थे। रात करीब 3 बजे रायला टोल के चौराहे पर मोटरसाइकिल और कार सवार अज्ञात लोगों ने उन्हें रोका। शेरू की बात नहीं मानी गई और देवा गुर्जर, कुणाल मालपुरा, प्रदीप राजपुरोहित और नितेश सैनी ने उन पर बेरहमी से हमला किया।

मारपीट के दौरान मोहसिन जंगल में छुपकर बच गया, लेकिन शेरू पर हमला जारी रहा। हमलावरों ने उनके पास रखे 36 हजार रुपये छीने। आरोपी कुणाल ने शेरू के मोबाइल से 50 हजार रुपये की फिरौती की मांग भी की और न देने पर जान से मारने की धमकी दी। शेरू को गंभीर स्थिति में भीलवाड़ा हॉस्पिटल में भर्ती किया गया, लेकिन हालत नाजुक होने पर जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया, जहां 19 सितंबर को उनकी मौत हो गई। शेरू के पीछे पत्नी नसीम और दो छोटे बच्चे हैं।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा की अगुवाई में विशेष अनुसंधान दल एसआईटी का गठन किया गया है। प्रारंभिक जांच में हिमांशु शर्मा, धर्मराज कुमावत, दीपक कुमावत, राहुल लोहार और दुर्गेश बैरवा को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, देवा गुर्जर, कुणाल मालपुरा, प्रदीप राजपुरोहित और नितेश सैनी अभी फरार हैं।

मृतक की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम और विभिन्न रासायनिक व हिस्टोग्राफिक जांच की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का वास्तविक कारण स्पष्ट होगा। एसपी यादव ने आश्वासन दिया कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और जांच निष्पक्ष तरीके से पूरी की जाएगी।

इस बीच, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भीलवाड़ा सर्किट हाउस में कहा कि यह मॉब लिंचिंग का मामला



है और इसके दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। भीम आर्मी प्रमुख और सांसद चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह हमला गौ-रक्षकों द्वारा किया गया और राज्य सरकार को मॉब लिंचिंग की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सभी दोषियों को सजा देनी चाहिए तथा मृतक के परिवार को उचित मुआवजा और सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए।

# चैनपुरा पुलिया हादसा: 2 दिन बाद मिला गोपाल का शव, एसडीआरएफ ने चलाया तलाशी अभियान



**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

**विक्रम सिंह ।** बनास नदी की पुलिया पर सोमवार को मोटरसाइकिल सहित बहने वाले दो युवकों में से लापता गोपाल रावणा राजपूत का शव दो दिन बाद मिला । घटना के बाद से क्षेत्र में एसडीआरएफ और पारोली-काछोला की पुलिस टीमें लगातार तलाशी अभियान में जुटी हुई थीं।

जानकारी के अनुसार, गोपाल रावणा राजपूत और रामनिवास रैगर सोमवार को नई मोटरसाइकिल से अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान चैनपुरा पुलिया पार करते समय मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और दोनों पानी में बह गए। मंगलवार दोपहर को रामनिवास रैगर का शव बरामद हो गया था।

गोपाल की तलाश बुधवार को भी एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की मदद से की गई। शव अंततः घटना स्थल से करीब 7 किलोमीटर दूर अभयपुर घाटा के पास झाड़ियों में फंसा हुआ मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# शक्करगढ़ क्षेत्र में अवैध बजरी खनन बेकाबू, नाबालिक भर रहे है बजरी , प्रशासन मौन

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

थाना क्षेत्र में अवैध बजरी खनन और परिवहन दिनोंदिन बेलगाम होता जा रहा है। खनन माफिया खुलेआम बनास नदी से बजरी भरवाकर थाने के ठीक नजदीक से गुजर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, बजरी से भरे वाहन थाना परिसर से महज 200 मीटर दूरी पर स्थित पुलिया पार कर सीधे बूंदी जिले की सीमा में प्रवेश कर जाते हैं।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि पैसों के लालच में माफिया अब नाबालिग बच्चों को भी बजरी भरवाने में लगा रहे हैं। भरनी नाके पर बच्चों से ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य वाहनों में बजरी डलवाई जा रही है, जिससे उनकी जान हर पल जोखिम में बनी रहती है।

दिन-रात दौड़ते बजरी से भरे भारी वाहनों ने क्षेत्र की सड़कों को भी खस्ताहाल कर दिया है। जगह-जगह



गड्ढे और उड़ती धूल से आमजन त्रस्त हैं। छात्र-छात्राओं के लिए स्कूल आना-जाना दूभर हो गया है। धूलभरी हवा से ग्रामीणों में बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन और खनिज विभाग की लापरवाही के चलते खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। बिना रोक-टोक बजरी परिवहन हो रहा है और पुलिस-प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन का सहारा लेंगे।

# रेलवे पटरी पार करते समय महिला की दर्दनाक मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सुभाष नगर थाना क्षेत्र में बुधवार को रेलवे ट्रैक पार करते समय एक युवती की जान चली गई। मालोला चौराहे के पास 200 फीट रोड निवासी 24 वर्षीय मंजू प्रजापत, अपने घर से मार्केट जाने के लिए पैदल निकली थी। बरसाती पानी और कीचड़ से भरे अंडरब्रिज को पार करने में जोखिम भरा फैसला करते हुए मंजू रेलवे पटरी पार कर रही थी कि तभी जयपुर-उदयपुर ट्रेन की चपेट में आ गई।

हादसे के तुरंत बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में सुरक्षित किया। परिजनों की उपस्थिति में पोस्टमॉर्टम कर शव सुपुर्द किया गया। हादसे से परिवार में मातम छा गया।

गौरतलब है की स्थानीय लोग लंबे समय से अंडरब्रिज में जलभराव और कीचड़ की समस्या से परेशान हैं। बीते दिनों जलभराव के खिलाफ महिलाओं और बच्चों ने प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने समस्या का समाधान नहीं किया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बारिश के दिनों में यह अंडरब्रिज



हर बार जानलेवा स्थिति में बदल जाता है और प्रशासन का इस तरफ़ ध्यान नहीं है ।

# पटेल नगर विस्तार में गरबा महोत्सव, बच्चों ने एकल नृत्य से मोहा मन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जय अंबे नवयुवक मंडल की ओर से शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर पटेल नगर विस्तार में आयोजित गरबा महोत्सव में दूसरे दिन भक्तिमय माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर माता का दरबार सजा और 9 कन्याओं का पूजन कर आराधना की गई। समिति के रोशन सिंह राठौड़ ने बताया कि मंडल पिछले नौ वर्षों से लगातार भक्ति और शक्ति आराधना का पर्व मना रहा है। गरबा महोत्सव के दूसरे दिन मुख्य अतिथि ओम दाधीच मिश्रा रहे। माता की आरती के बाद उन्होंने बच्चों को उपहार स्वरूप पारितोषिक वितरित किए।

इस दौरान ओम दाधीच ने कहा कि माता रानी के महोत्सव में फिल्मी गानों की बजाय धार्मिक भजनों पर गरबा करना चाहिए और बच्चों को नित्य हनुमान चालीसा के पाठ के लिए प्रेरित करना चाहिए।



कार्यक्रम में महिलाओं और पुरुषों ने भक्तिमय भजनों पर गरबा का आनंद लिया। वहीं बच्चों ने एकल नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को और भी मनोरम बना दिया। इस अवसर पर किरण शर्मा, कुलदीप सिंह राठौड़, हरिराम मालवीय, शैलेन्द्र मिश्रा, विकास मिश्रा, भंवर विजय बहादुर सिंह राठौड़, जगपाल सिंह, दीपक जांगिड़, महिपत सिंह हाड़ा, अंकित गुर्जर, जोरावर सिंह, ओम सिंह राठौड़, हेमेंद्र सिंह, सुरेश दुबे, रामगोपाल सहित सैकड़ों महिलाएं, बच्चे और ग्रामीण उपस्थित रहे।



## QUICK BITES

### नक्षत्र वाटिका में किया पौधारोपण, समाजसेवियों ने लगाए पौधे

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव)**। कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में बुधवार को नक्षत्र वाटिका में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नक्षत्र वाटिका प्रभारी शारदा सुखवाल ने बताया कि इस विशेष वाटिका में 9 ग्रह, 12 राशि और 27 नक्षत्रों के प्रतीक पौधे लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को समाजसेवी नारायण भदाला अगरपुरा के नेतृत्व में अशोक, आंवला, चांदनी, बिल पत्र सहित 11 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी शांतिलाल आचार्य, प्रशासक किशनलाल जाट, पूर्व सरपंच अमरचंद गाडरी, प्रधानाचार्या डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर, हिंदू युवा वाहिनी जिला अध्यक्ष देवराज जाट, रामकुमार जाट, शारीरिक शिक्षक अशोक कुमार पोरवाल, शिक्षक सत्य प्रकाश भारद्वाज सहित कई लोग मौजूद रहे।

### शाहपुरा नगर पालिका शहरी सेवा शिविर में आवेदकों को मिला त्वरित लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**(पेसवानी)**। शहरी सेवा शिविर के अंतर्गत बुधवार को नगर पालिका शाहपुरा परिसर में वार्ड संख्या 10 और 11 का शिविर आयोजित किया गया। शिविर का संचालन नगर पालिका अध्यक्ष रघुनन्दन सोनी और आयुक्त रिंकल गुप्ता की देखरेख में हुआ।

शिविर में नगर पालिका की ओर से त्वरित सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं। इसमें 1 रजिस्ट्री का शुद्धी पत्र, 21 जन्म प्रमाण पत्र, 1 विवाह प्रमाण पत्र और 1 मृत्यु प्रमाण पत्र लोगों को सौंपे गए। साथ ही शिविर के दौरान प्राप्त सफाई संबंधी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की गई और संबंधित स्थल की सफाई करवाई गई। महिला एवं बाल विकास विभाग ने पूरक पोषाहार योजना के अंतर्गत 20 लाभार्थियों को पोषाहार उपलब्ध कराया, जबकि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत प्राप्त 1 आवेदन का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसके अतिरिक्त पोषण ट्रैकर के माध्यम से 2 लाभार्थियों की एफआरसी और ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी की गई।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर में 14 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच की और चिकित्सकों ने उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया, साथ ही नियमित जांच की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस प्रकार शिविर में उपस्थित लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं का लाभ और आवश्यक सेवाएँ उपलब्ध करवाई गईं, जिससे नागरिकों में संतोष और योजना के प्रति जागरूकता दोनों बढ़ीं।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की! अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# जिला स्तरीय मलखंभ प्रतियोगिता संपन्नः डीआर मीणा ने बच्चों को प्रयास और नैतिक मूल्यों पर जोर देने की दी सीख

## 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग में जस्सु जी का खेड़ा ने मारी बाजी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।

17 व 19 वर्ष आयु समूह में आयोजित जिला स्तरीय मलखंभ प्रतियोगिता के विजेताओं को बुधवार को समापन के दौरान पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छात्रों की उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने और खेलों के प्रति उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य श्यामा मीणा रही और अध्यक्षता पंचायत समिति मांडलगढ़ के पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय ने की। इस अवसर पर श्यामा मीणा ने कहा कि हमें खेल जीतने के लिए नहीं बल्कि खेलने के लिए खेलना चाहिए। निरंतर प्रयास से सफलता अवश्य मिलती है। अध्यक्ष मालवीय ने कहा कि हमें ऐसे कार्य करने चाहिए जिससे हमारे माता-पिता का मान बढ़े और समाज में नैतिक मूल्यों को कायम रखा जा सके।

समारोह में सीबीईओ मालीराम यादव और प्रबंध समिति के मनोज गोधा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में 17 वर्ष छात्रा वर्ग में रा उ मा वि जस्सु जी का खेड़ा प्रथम, नाहरगढ़ द्वितीय और धामनियां तीसरे स्थान पर रहे। वहीं 19 वर्ष छात्रा वर्ग में हलेड़ प्रथम, नाहरगढ़ द्वितीय और धामनियां तीसरे स्थान पर रही। ललिता जाट हलेड़ और कोमल कुम्हार जस्सु जी का खेड़ा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सम्मान दिया गया।

छात्र वर्ग में 17 वर्ष में जस्सु जी का खेड़ा प्रथम, हलेड़ द्वितीय और धामनियां तृतीय रही। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में नरेश रेगर जस्सु जी का खेड़ा चुने गए। 19 वर्ष छात्र वर्ग में भी जस्सु जी का खेड़ा प्रथम, धामणियां द्वितीय और हलेड़ तृतीय रही, जबकि राकेश रेगर जस्सु जी का खेड़ा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सम्मान मिला। कार्यक्रम में पोल व रोप मलखंभ की व्यक्तिगत स्पर्धाओं का आयोजन भी किया गया। नितिन स्पिनर्स लिमिटेड, बेगूं के सौजन्य से सभी टीमों, खिलाड़ियों और निर्णायकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष अनिल राव, पंचायत समिति सदस्य नरेश मीणा, संगठन मंत्री शक्ति नारायण शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।



# विधायक खंडेलवाल ने बाजार में व्यापारियों के बीच पंहुच जीएसटी बचत उत्सव का किया शुभारंभ, कई वस्तुओं पर हुई दरों में कटौती का लाभ बताया





भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़

कस्बे के मुख्य बाजार में बुधवार को विधायक गोपाल खण्डेलवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं और व्यापारियों के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत की। इस मौके पर विधायक ने बाजार में दुकानदारों से मुलाक़ात की और उनकी समस्याएं सुनते हुए हुए जीएसटी की दरों में हुई कटौती के फायदों से अवगत कराते हुए संवाद स्थापित किया। खंडेलवाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल ही में आमजन को राहत देने के उद्देश्य से कई वस्तुओं एवं दैनिक उपयोग की सामग्री पर जीएसटी की दरों में कमी की है। इसका सीधा फायदा ग्राहकों को सस्ते दामों में सामान मिलने और व्यापारियों को बिक्री बढ़ने के रूप में मिलेगा।

विधायक खंडेलवाल ने बताया कि जीएसटी दरों में कमी से छोटे और मध्यम वर्गीय व्यापारियों को भी लाभ होगा। उपभोक्ताओं को रोजमर्रा के सामान पर सीधी बचत मिलेगी, जिससे बाजार में रौनक बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विनोद ओस्तवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अर्जुन ब्रह्मभट्ट, पार्षद अनीता सुराणा, ईश्वर चांवरिया, लादूलाल खटीक, नीलकमल पटवा, पूर्व मंडी अध्यक्ष रतनलाल खटीक, मनोज सनाढ्य, जगदीश दरोगा सहित भाजपा जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्ता एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# डीएमएफटी फंड से तैयार कक्षा कक्षों का हुआ लोकार्पण, ब्लॉक स्तर पर कौशल प्रतियोगिता भी आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

स्थानीय विधायक लाला राम बैरवा ने वीर माता माणिक कंवर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुरा में डीएमएफटी फंड से निर्मित कक्षा कक्षों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और वीर माता माणिक कंवर के माल्यार्पण से हुई, इसके बाद अतिथियों ने फीता काटकर नए कक्षों का उद्घाटन किया।



लोकार्पित कक्षों के निर्माण के साथ ही विद्यालय भवन की मरम्मत और रंगाई-पुताई भी करवाई गई। सभी अतिथियों का स्वागत छात्राओं ने स्वागत गान और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र बोहरा, नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सुगंधी, प्राचार्य रीता धोबी, एसडीएमसी सदस्य रामेश्वर बसेर, नगर पालिका पार्षद और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. लालाराम ने गुरु का महत्व और संस्कारपूर्वक जीवन जीने के संदेश दिए।

उन्होंने विद्यालय में रिक्त पदों को भरने और कक्षा कक्षों के बाहर ब्लॉक्स लगाने की भी घोषणा की।

साथ ही ब्लॉक स्तर पर आयोजित प्रबल कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने 21वीं सदी के कौशल गतिविधियों में अपने प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया और पुरस्कार प्राप्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. परमेश्वर कुमावत ने किया।

# संगम यूनिवर्सिटी में फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

संगम यूनिवर्सिटी ग्रीन क्लब द्वारा एपेक्स एसडीजी डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप गतिविधियों के तहत फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता का रंगारंग आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की लगभग 15 टीमों ने भाग लिया और बिना आग के स्वादिष्ट और आकर्षक व्यंजन तैयार कर अपने कुकिंग कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के निर्णायक के रूप में प्रसिद्ध फ़ूड व्लॉग इन्फ्लुएंसर तथा फ़ूड ओ ग्राफी पेज के संस्थापक आदिश जैन उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और टीमवर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. करुणेश सक्सेना, प्रो-वाइस चांसलर प्रो. मानस रंजन पाणिग्रही, रजिस्ट्रार आलोक कुमार, स्टूडेंट वेलफेयर डीन प्रो. प्रीति मेहता, डिप्टी डीन डॉ. श्वेता बोहरा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में मौजूद रहे। पीआरओ राजकुमार जैन ने बताया कि एसडीजी डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप के तहत विश्वविद्यालय में विभिन्न रचनात्मक, शैक्षणिक और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों का उद्देश्य छात्रों में नवाचार, टीमवर्क और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।



# विद्युत निगम कर्मियों ने धरना देकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण

**दिनेश पारिक ।** प्रदेश में विद्युत निगमों के कार्मिकों की समस्याओं और मांगों को लेकर बुधवार को कोटड़ी उपखंड मुख्यालय पर विद्युत कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने उपखंड अधिकारी तानिया रिणवा के माध्यम से मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

कर्मचारियों का कहना है कि बार-बार निवेदन के बावजूद उनकी ज्वलंत समस्याओं पर न तो सरकार और न ही निगम प्रबंधन ने गंभीरता दिखाई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से तेज किया जाएगा।

एसोसिएशन पदाधिकारियों ने बताया कि आंदोलन की रूपरेखा तय कर ली गई है। 24 सितंबर को उपखंड और तहसील स्तर, 6 अक्टूबर को जिला स्तर, 15 अक्टूबर को जोधपुर डिस्कॉम स्तर पर धरना होगा। इसके बाद अजमेर और जयपुर डिस्कॉम स्तर पर भी अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन में मुख्य तौर पर इंटर-डिस्कॉम ट्रांसफर नीति को तत्काल लागू करने की माँग की जा रही है , साथ ही अन्य लंबित मुद्दों के शीघ्र समाधान की भी मांग की गई।

ज्ञापन देते समय कोटड़ी अध्यक्ष सांवरमल जाट, चंद्र प्रकाश, अरविंद शर्मा, मधु, रतन सैनी, आबिद, शक्ति सिंह, समय सिंह, भूपेंद्र गुर्जर, सुनील गुर्जर, रतन सुवालका, सुरेश गुर्जर सहित कई कर्मचारी शामिल रहे।



# बजरी खनन परियोजना पर जनसुनवाई, ग्रामीणों ने जताई आपत्तियां

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)।** सवाईपुर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर बुधवार को राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से प्रस्तावित बजरी खनन परियोजना को लेकर एकदिवसीय जनसुनवाई आयोजित की गई।

शिविर में ग्रामीणों से पर्यावरण स्वीकृति हेतु आपत्तियां मांगी गई। जैसे ही खनन परियोजना से जुड़ी जानकारी सामने आई, ग्रामीणों ने सूचना के अभाव और ठेकेदार की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए आपत्ति जताई।

जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त कलेक्टर प्रभा देवटिया भी मौजूद रही । ग्रामीणों ने कहा कि पहले की लीज से न तो कोई पौधारोपण हुआ और न ही गांवों में विकास कार्य। इस पर प्रशासक शिवराज जाट ने स्पष्ट कहा कि अब तक हुई लीज से एक भी पेड़ नहीं लगाया गया, जिससे ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ गया।

अधिकारियों ने समझाइश देते हुए आश्वासन दिया कि नई लीज में पौधारोपण के साथ ही स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर आवंटित राशि से विकास कार्य करवाए जाएंगे।

ग्रामीणों ने सोपुरा गांव की बनास नदी क्षेत्र करीब 1000 बीघा जमीन से बजरी परिवहन न करने की चेतावनी दी और कहा कि यदि उनकी आपत्तियां नहीं मानी गई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

साथ ही यह भी मांग रखी कि नदी से बजरी दोहन केवल मजदूरों के जरिए किया जाए, एलएनटी और जेसीबी मशीनों का उपयोग पूरी तरह बंद किया जाए। ग्रामीणों का कहना था कि मजदूरों से कार्य होने पर स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इस पर अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया।

# आयुर्वेद दिवस पर डॉ. वैष्णव, नर्स आचार्य और परिचारक बलाई हुए सम्मानित

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)।** राजकीय एकीकृत आयुष चिकित्सालय भीलवाड़ा में आयोजित दसवें आयुर्वेद दिवस सम्मान समारोह में जिले के आयुर्वेद क्षेत्र से उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बनकाखेड़ा के राजकीय आयुर्वेद औषधालय से आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश वैष्णव, नर्स लाड आचार्य, तथा राजकीय आयुर्वेद औषधालय सगतपुरिया में कार्यरत परिचारक हीरालाल बलाई को आयुर्वेद चिकित्सा में उल्लेखनीय योगदान के लिए उपनिदेशक महाराज सिंह आयुर्वेद विभाग, भीलवाड़ा द्वारा जिला स्तर पर सम्मान प्रदान किया गया। क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने पर सम्मानित होने वाले तीनों कार्मिकों को ग्रामवासियों एवं सहकर्मियों ने हार्दिक बधाई दी।




# ककरोलिया घांटी में जोगणिया माता जी भंडारे का शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।

जोगणिया माता के दरबार में दर्शन के लिए जाने वाले पैदल यात्रियों की सेवा के उद्देश्य से ककरोलिया घांटी में नवरात्रि स्थापना के साथ ही भंडारा चल रहा है । यह सेवा नवयुवक मंडल की ओर से आयोजित की जा रही है।

भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए नाश्ता, ठंडा पानी, छाया और आराम की विशेष व्यवस्था की गई है। थके हुए यात्रियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा और विश्राम स्थल भी उपलब्ध कराए गए हैं। नवयुवक मंडल के सदस्यों ने बताया कि माता जी के मेले में हर साल हजारों श्रद्धालु पैदल जाते हैं और उनकी सेवा करना मंडल के लिए सौभाग्य की बात है। इस बार भी सभी साथी तन-मन-धन से भंडारे की व्यवस्था में जुटे हुए हैं।



# राजस्थान ग्रामीण बैंक ने किया स्वच्छता जागरूकता कैंप का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

स्वच्छता ही सेवा स्वच्छोत्सव अभियान के तहत राजस्थान ग्रामीण बैंक, मांडल चौराहा शाखा ने रूपी देवी कन्या महाविद्यालय में स्वच्छता जागरूकता कैंप आयोजित किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की सचिव टीना गुर्जर, ट्रस्टी संदीप चौबे, क्षेत्रीय प्रबंधक अजय कुमार दुग्गल, शाखा प्रबंधक अभिषेक पारीक सहित 150 से अधिक ग्रामीण व एसएचजी महिलाएं शामिल हुई।

छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से प्लास्टिक मुक्त जीवन और खाद्य अपव्यय रोकने का संदेश दिया। बैंक अधिकारियों ने रिकेवाईसी, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं व साइबर सुरक्षा की जानकारी दी। कैंप में स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता कर्मियों का सम्मान और सेल्फी प्वाइंट ने आकर्षण बढ़ाया।



# किसानों को 10 हजार तक मिलेगी सहायता , 30 सितंबर तक होगा आवेदन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

किसानों की आय बढ़ाने और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के लिए कृषि विभाग ने गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना की आवेदन तिथि 30 सितंबर तक तय की है। इच्छुक किसान राजकिसान पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

संयुक्त निदेशक कृषि विनोद कुमार जैन ने बताया कि योजना का उद्देश्य जैविक खेती को बढ़ावा देना और उत्पादन लागत कम करना है। पात्र किसान के पास खेती योग्य भूमि व कम से कम 3 गोवंश होना जरूरी है। इसके लिए कंपोस्ट पिट/बेड का निर्माण करना होगा।

योजना प्रभारी प्रियंका पारीक ने बताया कि लाभार्थियों को अधिकतम 10 हजार रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। आवेदन हेतु जनाधार व ई-साइनयुक्त जमाबंदी अपलोड करना अनिवार्य है।

कृषि अधिकारी रमेशचंद चौधरी ने कहा कि चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगा। जिले में इस बार 1500 किसानों को लाभ दिया जाएगा।

## QUICK BITES

# बालाजी मंदिर में होगा 251 कन्याओं का सामूहिक पूजन और कन्या भोज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर 28 सितंबर को श्री कामधेनु बालाजी मंदिर में 251 कन्याओं का सामूहिक पूजन एवं कन्या भोज आयोजित किया जाएगा। आयोजन संयोजक अमित काबरा ने बताया कि यह कार्यक्रम मासिक सुन्दरकाण्ड पाठ ग्रुप और सुमंगल सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में, सुखाड़िया नगर, कोटा बाईपास रोड पर कोठारी नदी के किनारे स्थित प्राचीन धार्मिक स्थल पर आयोजित किया जाएगा। समारोह सुबह 10 बजे विधि-विधानपूर्वक सामूहिक आरती के साथ शुरू होगा। मंदिर पुजारी जगन्नाथ शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष मंदिर परिसर में यह कन्या पूजन भव्यता के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष आयोजन कमेटी ने पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ कार्यक्रम में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने का निर्णय लिया है। आयोजन की तैयारियों में कमेटी सदस्य और स्थानीय निवासी उत्साहपूर्वक जुटे हुए हैं।

# रिछड़ा विद्यालय व खेल मैदान में हुआ पौधारोपण

भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास।



रिछड़ा विद्यालय व खेल मैदान में पूर्व सरपंच देवकिशन गुर्जर के नेतृत्व में युवाओं ने कदंब के 40 से अधिक पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कमलेश सुवालका ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग हैं और पर्यावरण संतुलन व बीमारियों से बचाव के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है। युवाओं ने संदेश दिया कि हर नागरिक को कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए, तभी जल व वायु संकट से बचा जा सकेगा। कार्यक्रम में देवकिशन गुर्जर, कमलेश सुवालका, नानू गुर्जर, राकेश शर्मा, उमेश शर्मा और रामकिशन गाडरी मौजूद रहे।

# तैराकी प्रतियोगिता में उदलियास विद्यालय ने जीते 11 पदक

भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास।



69वीं जिला स्तरीय उच्च माध्यमिक तैराकी प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 गोल्ड, 5 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 11 पदक अपने नाम किए।

शारीरिक शिक्षक राधेश्याम वैष्णव ने बताया कि विद्यालय की दिलखुश बलाई ने 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक 19 वर्ष छात्रा वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। वहीं किशन खारोल, राधा बलाई समेत अन्य छात्रों ने रजत और कांस्य पदक हासिल किए।

वैष्णव ने बताया कि बिना किसी तरण ताल और सुविधाओं के, केवल धर्माऊ तालाब में अभ्यास कर बच्चों ने यह उपलब्धि हासिल की है। तैराकी को उन्होंने सबसे बेहतर व्यायाम बताते हुए कहा कि इससे शरीर में स्फूर्ति और हड्डियों में मजबूती आती है।

# निःशुल्क नेत्र जांच शिविर संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



**नरेश धाकड़ ।** नगर के गायत्री शक्ति पीठ में नीमच आई हॉस्पिटल द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर बुधवार को संपन्न हुआ। शिविर का संचालन अस्पताल प्रबंधक सुनील कुमार सिंह की देखरेख में हुआ, जिसमें विशेषज्ञ डॉ. वीलेश कुमार यादव व उनकी टीम ने मरीजों की जांच की। शिविर में कुल 32 मरीजों की जांच की गई। इनमें से 4 मरीज ऑपरेशन योग्य पाए गए, जबकि लगभग 10 प्रतिशत मरीजों को दवाइयां वितरित की गई। इसके अलावा 4 मरीजों को चश्मे भी वितरित किए गए।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।